**OLD**

This Question Paper contains Section–A 17 + Section–B 1/1 questions.

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत खण्ड–अ 17 + खण्ड–ब 1/1 प्रश्न हैं।

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** Cost of Goods Sold = Opening Stock + —— + —— – Closing Stock. 1

बेचे गये माल की लागत = आरम्भिक रहतिया + —— + —— – अन्तिम रहतिया।

**2.** List any *two* methods of Valuation of Goodwill. 1

ख्याति के मूल्यांकन की किन्हीं **दो** विधियों की सूची बनाइए।

**3.** Give any *two* examples of External Liabilities. 2

बाह्य देयताओं के कोई **दो** उदाहरण दीजिए।

**4.** What is meant by Error of Omission? 2

लोप-अशुद्धि का क्या अर्थ है?

**5.** Define a 'Bank Reconciliation Statement'. 2

'बैंक समाधान विवरण' को परिभाषित कीजिए।

**6.** Give any *two* examples of Capital Receipts. 2

पूँजीगत प्राप्तियों के कोई **दो** उदाहरण दीजिए।

**7.** State any *two* circumstances under which court can dissolve a firm. 2

ऐसी किन्हीं **दो** परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिनमें कोर्ट एक फर्म का समापन कर सकती हो।

**8.** Explain any *three* branches of Accounting. 3

लेखांकन की किन्हीं **तीन** शाखाओं का वर्णन कीजिए।

**9.** Explain 'Business Entity Assumption' of Accounting. 3

लेखांकन की 'व्यापार अस्तित्व की मान्यता' का वर्णन कीजिए।

**10.** Prepare a Bank Reconciliation Statement as on 31st March, 2009 : 4

*(i)* Balance as per Cash Book on 31st March, 2009—Rs 15,000

*(ii)* Cheques for Rs 5,000 were issued, but not cashed up to 31st March, 2009

*(iii)* Cheques amounting to Rs 2,000 were paid into Bank, but were not credited by 31st March, 2009

*(iv)* Pass Book shows a credit of Rs 180 for interest and a debit of Rs 40 on account of Bank Charges

31 मार्च, 2009 को एक बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए :

*(i)* 31 मार्च, 2009 को रोकड़ बही का शेष—15,000 रु०

*(ii)* 5,000 रु० के चेक निर्गमित किए गए, परन्तु 31 मार्च, 2009 तक बैंक द्वारा इनका भुगतान नहीं किया गया

*(iii)* 2,000 रु० के चेक बैंक में जमा कराए गए, लेकिन 31 मार्च, 2009 तक बैंक द्वारा उन्हें क्रेडिट नहीं किया गया

*(iv)* पास बुक ब्याज के 180 रु० क्रेडिट तथा बैंक व्यय के 40 रु० डेबिट दर्शा रही है

**11.** Write a transaction for each of the following situations : 4

*(i)* Increase in assets with corresponding increase in capital

*(ii)* Increase in assets with corresponding increase in liabilities

*(iii)* Decrease in assets with corresponding decrease in liabilities

*(iv)* Increase and decrease in assets

निम्नलिखित प्रत्येक परिस्थिति के लिए एक लेनदेन का उदाहरण दीजिए :

*(i)* सम्पत्ति में वृद्धि के साथ-साथ पूँजी में वृद्धि

*(ii)* सम्पत्ति में वृद्धि के साथ-साथ देयता में वृद्धि

*(iii)* सम्पत्ति में कमी के साथ-साथ देयता में कमी

*(iv)* सम्पत्ति में वृद्धि एवं सम्पत्ति में कमी

**12.** Amit, Sumit and Vineet were partners in a firm. Vineet died on 1st February, 2008. His executors approached Amit and Sumit to know about the various amounts they are entitled to. There was no partnership deed. List any *five* such amounts for which Vineet's executors are entitled. 5

अमित, सुमित एवं विनीत एक फर्म में साझेदार थे। 1 फरवरी, 2008 को विनीत की मृत्यु हो गई। उसके उत्तराधिकारी अमित एवं सुमित के पास इस जानकारी के लिए पहुँचे कि वे किस-किस राशि को प्राप्त करने के अधिकारी हैं। उनका कोई साझेदारी संलेख नहीं था। ऐसी **पाँच** राशियों की सूची बनाइए जिन्हें विनीत के उत्तराधिकारी प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

**13.** Explain the terms : 5

*(a)* Subscribed Capital

*(b)* Called-up Capital

निम्नलिखित को स्पष्ट कीजिए :

(क) प्रार्थित पूँजी

(ख) मांगी गई पूँजी

**14.** Prepare relevant Accounting Vouchers for the following : 10

*(i)* Purchased goods on credit from M/s Suman & Sons for Rs 5,000

*(ii)* Paid into bank vide Pay-in-slip No. 153—Rs 2,000

*(iii)* Sold machinery for cash—Rs 10,000

*(iv)* Withdrew cash from bank vide Cheque No. 002395—Rs 1,000

निम्नलिखित के लिए उपयुक्त लेखांकन प्रमाणक तैयार कीजिए :

*(i)* 5,000 रु० का माल मेसर्स सुमन ऐण्ड सन्स से उधार क्रय किया

*(ii)* बैंक में 153 नं० की जमा-पर्ची द्वारा 2,000 रु० जमा कराए गए

*(iii)* 10,000 रु० की मशीन का नक़द विक्रय किया गया

*(iv)* बैंक से चेक नं० 002395 द्वारा 1,000 रु० निकाले गए

**15.** *R* Ltd. Co. invited applications for 20000 shares of Rs 25 each from the public on the following terms :

On application—Rs 5
On allotment—Rs 10
On first call—Rs 5
On second and final call—Rs 5

Public applied for 25000 shares and all the shares were allotted. Mr *A*, a shareholder, holding 150 shares failed to pay the first call money and on his failure to pay this, his shares were forfeited. The second and final call was made thereafter.

Journalise the transactions. 10

*R* लि० कं० ने जनता से 25 रु० प्रति अंश की दर से 20000 अंशों के लिए निम्नलिखित शर्तों पर प्रार्थना-पत्र आमन्त्रित किए :

आवेदन पर—5 रु०
आबंटन पर—10 रु०
प्रथम याचना पर—5 रु०
द्वितीय व अंतिम याचना पर—5 रु०

जनता ने 25000 अंशों के लिए आवेदन किया और सभी अंशों को निर्गमित कर दिया गया। एक अंशधारी मि० *A*, जिसके पास 150 अंश थे, प्रथम याचना राशि नहीं दे सका और इस राशि का भुगतान न करने पर उसके अंशों को जब्त कर लिया गया। इसके बाद द्वितीय व अन्तिम याचना राशि मांगी गई।

लेनदेनों की रोज़नामचे में प्रविष्टि कीजिए।

**16.** The Trial Balance of Arvind & Sons on 31st March, 2008 was as follows :

| *Dr. Balances* | *Amount* Rs | *Cr. Balances* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|
| Machinery | 1,23,000 | Capital | 5,90,700 |
| Building | 3,80,000 | Creditors | 19,870 |
| Sundry Debtors | 1,76,000 | Sales | 4,78,760 |
| Opening Stock | 18,400 | Purchases Returns | 2,200 |
| Purchases | 3,00,000 | Bank Overdraft | 25,000 |
| General Expenses | 15,290 | | |
| Sales Returns | 800 | | |
| Drawings | 63,500 | | |
| Insurance & Taxes | 31,200 | | |
| Wages | 2,800 | | |
| Printing Expenses | 1,350 | | |
| Carriage Inward | 890 | | |
| Carriage Outward | 300 | | |
| Cash in Hand | 3,000 | | |
| | 11,16,530 | | 11,16,530 |

The following additional information is given below :

*(i)* The Stock on 31st March, 2008 was valued at Rs 15,270

*(ii)* Printing Expenses due—Rs 58,650

*(iii)* Audit Fees due—Rs 12,100

*(iv)* Depreciation to be written off @ 10% p.a. on Machinery

Prepare Trading and Profit & Loss A/c for the year ended 31st March, 2008 and Balance Sheet of Arvind & Sons as at 31st March, 2008. 12

31 मार्च, 2008 को अरविन्द ऐण्ड सन्स का तलपट निम्नलिखित था :

| *डेबिट शेष* | *राशि* रु० | *क्रेडिट शेष* | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|
| मशीनरी | 1,23,000 | पूँजी | 5,90,700 |
| भवन | 3,80,000 | लेनदार | 19,870 |
| विविध देनदार | 1,76,000 | विक्रय | 4,78,760 |
| आरम्भिक रहतिया | 18,400 | क्रय वापसी | 2,200 |
| क्रय | 3,00,000 | बैंक अधिविकर्ष | 25,000 |
| सामान्य व्यय | 15,290 | | |
| विक्रय वापसी | 800 | | |
| आहरण | 63,500 | | |
| बीमा एवं कर | 31,200 | | |
| मज़दूरी | 2,800 | | |
| प्रिंटिंग व्यय | 1,350 | | |
| आवक भाड़ा | 890 | | |
| जावक भाड़ा | 300 | | |
| हस्तस्थ रोकड़ | 3,000 | | |
| | 11,16,530 | | 11,16,530 |

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाएँ नीचे दी गई हैं :

*(i)* 31 मार्च, 2008 को रहतिये का मूल्यांकन 15,270 रु० किया गया

*(ii)* अदत्त प्रिंटिंग व्यय 58,650 रु० हैं

*(iii)* अदत्त अंकेक्षण फीस 12,100 रु० है

*(iv)* मशीन पर 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यह्रास अपलिखित किया जाना है

31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापार एवं लाभ-हानि खाता तथा इसी तिथि को स्थिति-विवरण तैयार कीजिए।

**17.** The following was the Balance Sheet of Nimesh and Vishesh who were sharing profits in the ratio of 2 : 1 on 31st December, 2007 :

*Balance Sheet*
*as at 31st December, 2007*

| *Liabilities* | | *Amount* Rs | *Assets* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 65,900 | Cash in Hand | 51,200 |
| Capitals : | | | Debtors | 9,700 |
| Nimesh | 60,000 | | Stock | 40,000 |
| Vishesh | 40,000 | 1,00,000 | Plant | 25,000 |
| | | | Buildings | 40,000 |
| | | 1,65,900 | | 1,65,900 |

They agreed to admit Rajat into partnership on the following terms :

*(i)* Rajat was to be given $\frac{1}{3}$rd share in profits and was to bring Rs 30,000 as his Capital and Rs 12,000 as his Share of Goodwill

*(ii)* The values of Stock and Plant were to be reduced by 10%

*(iii)* The provision of 5% was to be created for Doubtful Debts

*(iv)* The Building was to be appreciated by Rs 9,600

*(v)* Investments worth Rs 400 (not mentioned in the Balance Sheet) were to be taken into account

*(vi)* The Goodwill amount brought by Rajat was to be withdrawn by the old partners

Prepare Revaluation A/c, Capital A/cs and Balance Sheet of the new partnership firm. 12

**OR**

*A*, *B* and *C* are partners sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 2. Their Balance Sheet on 31st March, 2008 was as follows :

*Balance Sheet*
*as at 31st March, 2008*

| *Liabilities* | | *Amount* Rs | *Assets* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 33,000 | Cash | 10,000 |
| General Reserve | | 27,000 | Debtors | 15,000 |
| Capitals : | | | Stock | 30,000 |
| *A* | 70,000 | | Machinery | 50,000 |
| *B* | 45,000 | | Land and Building | 1,00,000 |
| *C* | 30,000 | 1,45,000 | | |
| | | 2,05,000 | | 2,05,000 |

*B* retires on the above date on the following conditions :

*(i)* Land and Building be appreciated by 20%

*(ii)* Goodwill is to be valued at Rs 18,000 and was not to appear in the books

*(iii)* A Provision for Doubtful Debts of 5% is to be created and Machinery be written down by 10% and Stock by 5%

*(iv)* A provision of Rs 1,500 be made in respect of Legal Charges. *B* to be paid Rs 5,000 and balance be transferred to his Loan Account

Prepare Revaluation A/c, Partners' Capital A/cs and Balance Sheet of *A* and *C*.

31 दिसम्बर, 2007 को निमेष एवं विशेष का स्थिति-विवरण निम्नलिखित था, जो 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन कर रहे थे :

*स्थिति-विवरण 31 दिसम्बर, 2007 को*

| देयताएँ | | राशि रु० | परिसम्पत्तियाँ | राशि रु० |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 65,900 | हस्तस्थ रोकड़ | 51,200 |
| पूँजी : | | | देनदार | 9,700 |
| निमेष | 60,000 | | रहतिया | 40,000 |
| विशेष | 40,000 | 1,00,000 | संयंत्र | 25,000 |
| | | | भवन | 40,000 |
| | | 1,65,900 | | 1,65,900 |

उन्होंने रजत को निम्नलिखित शर्तों पर साझेदारी में प्रविष्ट कराया :

*(i)* रजत को लाभों का $\frac{1}{3}$ हिस्सा दिया जाएगा और वह अपने हिस्से की 30,000 रु० पूँजी व 12,000 रु० ख्याति के लाएगा

*(ii)* रहतिये व संयंत्र का मूल्य 10% से कम किया जाएगा

*(iii)* संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का आयोजन किया जाएगा

*(iv)* भवन के मूल्य में 9,600 रु० से वृद्धि हुई है

*(v)* 400 रु० के विनियोग (जिनको स्थिति-विवरण में नहीं दर्शाया गया है) का लेखा पुस्तकों में किया जाना है

*(vi)* रजत द्वारा लाई गई ख्याति की राशि पुराने साझेदारों द्वारा फर्म से निकाल ली गई है

पुनर्मूल्यांकन खाता, पूँजी खाते तथा नई साझेदारी फर्म का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए।

**अथवा**

*A*, *B* और *C* साझेदार हैं और 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभों का विभाजन कर रहे हैं। 31 मार्च, 2008 को उनका स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

*स्थिति-विवरण 31 मार्च, 2008 को*

| देयताएँ | | राशि रु० | परिसम्पत्तियाँ | राशि रु० |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 33,000 | रोकड़ | 10,000 |
| सामान्य संचय | | 27,000 | देनदार | 15,000 |
| पूँजी : | | | रहतिया | 30,000 |
| *A* | 70,000 | | मशीनरी | 50,000 |
| *B* | 45,000 | | भूमि एवं भवन | 1,00,000 |
| *C* | 30,000 | 1,45,000 | | |
| | | 2,05,000 | | 2,05,000 |

उपरोक्त तिथि पर *B* ने निम्नलिखित शर्तों पर फर्म से अवकाश ग्रहण किया :

*(i)* भूमि एवं भवन के मूल्य में 20% की वृद्धि हुई

*(ii)* ख्याति का मूल्यांकन 18,000 रु० पर किया गया। इसे पुस्तकों में नहीं दर्शाया जाएगा

*(iii)* संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का आयोजन किया जाना है। मशीनरी को 10% से तथा रहतिये को 5% से अपलिखित किया जाना है

*(iv)* कानूनी व्ययों के लिए 1,500 रु० का आयोजन किया जाना है। *B* को 5,000 रु० का भुगतान किया जाना है तथा शेष राशि उसके ऋण खाते में स्थानान्तरित की जानी है

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा *A* और *C* का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

### ( Analysis of Financial Statements )

### ( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण )

**18.** *(a)* Calculate the Current Assets of a company from the following information : 5

*(i)* Stock Turnover Ratio—5 times

*(ii)* Stock at the end is Rs 15,000 more than stock in the beginning

*(iii)* Sales—Rs 2,00,000

*(iv)* Gross Profit Ratio—25% on sales

*(v)* Current Liabilities—Rs 50,000

*(vi)* Quick Ratio—0·75

निम्नलिखित सूचना से एक कम्पनी की चालू परिसम्पत्तियाँ ज्ञात कीजिए :

*(i)* रहतिया आवर्त अनुपात—5 गुना

*(ii)* आरम्भिक रहतिये से अन्तिम रहतिया 15,000 रु॰ अधिक है

*(iii)* विक्रय—2,00,000 रु॰

*(iv)* सकल लाभ अनुपात—बिक्री पर 25%

*(v)* चालू देयताएँ—50,000 रु॰

*(vi)* तरल अनुपात—0·75

*(b)* The current ratio of a company is 2 : 1. State whether each of the following transactions would *(i)* increase, *(ii)* decrease and *(iii)* neither increase nor decrease the current ratio. Give reasons in support of your answer : 5

(1) Sale of goods for Rs 11,000 (cost Rs 10,000)

(2) Sale of machinery on credit of 5 months

(3) Repayment of long-term loan

(4) Issue of shares for cash

(5) Issue of debentures for cash

एक कम्पनी का चालू अनुपात 2 : 1 है। बताइए कि नीचे दिए गए प्रत्येक लेनदेन से चालू अनुपात में *(i)* वृद्धि होगी, *(ii)* कमी होगी, अथवा *(iii)* कोई वृद्धि या कमी नहीं होगी। अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए :

(1) 11,000 रु० में वस्तुओं (माल) की बिक्री (लागत मूल्य 10,000 रु०)

(2) 5 महीने के उधार पर मशीनरी का विक्रय किया गया

(3) दीर्घकालीन ऋण का पुनःभुगतान किया गया

(4) अंशों का नक़द के बदले निर्गमन किया गया

(5) ऋणपत्रों का नक़द के बदले निर्गमन किया गया

*(c)* From the following Balance Sheets of *ABC* Ltd., prepare *(i)* a schedule of changes in working capital and *(ii)* a statement of sources and uses of funds, showing your workings clearly : 10

*Balance Sheets*

| *Liabilities* | *2006* Rs | *2007* Rs | *Assets* | *2006* Rs | *2007* Rs |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 1,00,000 | 1,25,000 | Goodwill | 30,000 | 25,000 |
| Redeemable Preference Share | 50,000 | 40,000 | Land & Buildings | 75,000 | 1,12,000 |
| General Reserve | 20,000 | 22,500 | Debtors | 62,500 | 50,500 |
| Profit & Loss A/c | 12,500 | 17,500 | Stock | 37,500 | 40,000 |
| Creditors | 40,000 | 45,000 | Cash | 17,500 | 22,500 |
| | 2,22,500 | 2,50,000 | | 2,22,500 | 2,50,000 |

*Additional Information* :

*(i)* Depreciation of Rs 5,000 charged on Land & Buildings

*(ii)* Building amounting to Rs 10,000 was sold for Rs 9,400

*ABC* लि० के निम्नलिखित स्थिति-विवरण से *(i)* कार्यशील पूँजी में परिवर्तन की तालिका तथा *(ii)* कोष के स्रोतों एवं उपयोगों का विवरण तैयार कीजिए। अपनी कार्य-टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से दर्शाइए :

*स्थिति-विवरण*

| *देयताएँ* | *2006* रु० | *2007* रु० | *परिसम्पत्तियाँ* | *2006* रु० | *2007* रु० |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 1,00,000 | 1,25,000 | ख्याति | 30,000 | 25,000 |
| शोधनीय पूर्वाधिकारी अंश | 50,000 | 40,000 | भूमि एवं भवन | 75,000 | 1,12,000 |
| सामान्य संचय | 20,000 | 22,500 | देनदार | 62,500 | 50,500 |
| लाभ-हानि खाता | 12,500 | 17,500 | रहतिया | 37,500 | 40,000 |
| लेनदार | 40,000 | 45,000 | रोकड़ | 17,500 | 22,500 |
| | 2,22,500 | 2,50,000 | | 2,22,500 | 2,50,000 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ* :

*(i)* भूमि एवं भवन पर 5,000 रु० का मूल्यह्रास लगाया गया है

*(ii)* 10,000 रु० का भवन 9,400 रु० में बेच दिया गया है

## OPTION–II

## विकल्प–II

### ( Accounts of Non-trading Organisations )

### ( ग़ैर-व्यापारिक संस्थाओं के खाते )

**18.** *(a)* Show in which account (Receipts & Payments A/c, Income & Expenditure A/c or both Accounts) and on which side (Receipts side, Payments side, Income side or Expenditure side) the following amounts will be shown for the year ending 31st December, 2007 : 5

| | | Rs |
|---|---|---|
| *(i)* | Subscriptions received for the current year 2007 | 5,000 |
| *(ii)* | Subscriptions for 2007 received in 2006 | 2,000 |
| *(iii)* | Building purchased in 2007 | 2,00,000 |
| *(iv)* | Cash balance in hand at the end of the year | 20,000 |
| *(v)* | Subscriptions related to 2008 received in 2007 | 3,000 |

दिखाइए कि 31 दिसम्बर, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष में निम्नलिखित राशियों को किस खाते में (प्राप्ति एवं भुगतान खाता, आय एवं व्यय खाता या दोनों खाते) तथा किस पक्ष की ओर (प्राप्ति पक्ष, भुगतान पक्ष, आय पक्ष या व्यय पक्ष) दर्शाया जाएगा :

| | | रु० |
|---|---|---|
| *(i)* | चालू वर्ष 2007 के लिए प्राप्त चन्दा | 5,000 |
| *(ii)* | 2007 के लिए 2006 में प्राप्त की गई चन्दे की राशि | 2,000 |
| *(iii)* | 2007 में भवन का क्रय | 2,00,000 |
| *(iv)* | वर्ष के अन्त में हस्तस्थ रोकड़ | 20,000 |
| *(v)* | 2008 से सम्बन्धित चन्दे की राशि जिसे 2007 में प्राप्त किया गया | 3,000 |

*(b)* During 2006–2007 the salaries paid amounted to Rs 1,70,000. Calculate the amount chargeable to Income & Expenditure A/c for the year ending 31st March, 2007 from the following additional information : 5

| | Rs |
|---|---|
| Salaries paid in advance on 31st March, 2006 | 10,000 |
| Salaries paid in advance on 31st March, 2007 | 20,000 |
| Outstanding salaries on 31st March, 2006 | 15,000 |
| Outstanding salaries on 31st March, 2007 | 40,000 |

2006–2007 के दौरान 1,70,000 रु० के वेतन का भुगतान किया गया। निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना की सहायता से 31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाते में लिखी जाने वाली राशि की गणना कीजिए :

| | रु० |
|---|---|
| 31 मार्च, 2006 को पूर्वदत्त वेतन की राशि | 10,000 |
| 31 मार्च, 2007 को पूर्वदत्त वेतन की राशि | 20,000 |
| 31 मार्च, 2006 को अदत्त वेतन | 15,000 |
| 31 मार्च, 2007 को अदत्त वेतन | 40,000 |

*(c)* From the following information, prepare Income & Expenditure A/c of Mehta Club for the year ended 31st March, 2007 : 10

*Receipts & Payments A/c*
*for the year ended 31st March, 2007*

| *Receipts* | *Amount* Rs | *Payments* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|
| To Balance b/d | 2,750 | By Furniture | 3,750 |
| „ Interest on Investments | 2,875 | „ Salaries | 18,125 |
| „ Donations | 21,250 | „ Miscellaneous Expenses | 250 |
| „ Subscriptions | 35,000 | „ Telephone Charges | 16,125 |
| „ Rent Received | 15,000 | „ Fax Machine | 7,500 |
| „ Sale of Old Newspapers | 375 | „ Investments | 18,750 |
| | | „ Printing and Stationery | 500 |
| | | „ Balance c/d | 12,250 |
| | 77,250 | | 77,250 |

*Additional Information* :

Subscriptions received included Rs 750 for 2007–2008; The amount of subscriptions outstanding on 31st March, 2007 was Rs 625; Salaries during 2006–2007 unpaid were Rs 875; Capital fund as at 31st March, 2006 was Rs 12,750; The Club also had investments of Rs 10,000

31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए निम्नलिखित सूचनाओं की सहायता से मेहता क्लब का आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए :

*प्राप्ति एवं भुगतान खाता*
*31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए*

| *प्राप्तियाँ* | *राशि* रु० | *भुगतान* | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|
| आगे लाया गया रोकड़ शेष | 2,750 | फर्नीचर | 3,750 |
| विनियोग पर ब्याज | 2,875 | वेतन | 18,125 |
| दान | 21,250 | विविध व्यय | 250 |
| चन्दा | 35,000 | टेलीफोन व्यय | 16,125 |
| प्राप्त किराया | 15,000 | फैक्स मशीन | 7,500 |
| पुराने अखबारों की बिक्री | 375 | विनियोग | 18,750 |
| | | प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी | 500 |
| | | आगे ले जाने वाला रोकड़ शेष | 12,250 |
| | 77,250 | | 77,250 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ* :

चन्दे की प्राप्त राशि में 2007–2008 के लिए लिये गए 750 रु० सम्मिलित हैं; 31 मार्च, 2007 को अदत्त चन्दे की राशि 625 रु० थी; 2006–2007 के दौरान अदत्त वेतन की राशि 875 रु० थी; 31 मार्च, 2006 को पूँजी कोष 12,750 रु० था तथा क्लब के पास 10,000 रु० के विनियोग भी थे।

This Question Paper contains Section–A 22 + Section–B 5/5 questions.
इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत खण्ड–अ 22 + खण्ड–ब 5/5 प्रश्न हैं।

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper is divided into *two* Sections—Section 'A' and Section 'B'.

(ii) Attempt *all* questions of Section 'A'.

(iii) Attempt all the *five* questions of any *one option* of Section 'B'.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' के किसी **एक विकल्प** के सभी **पाँच** प्रश्नों को हल करना है।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** Why should the total of two columns of a Trial Balance be equal? 1

तलपट के दोनों स्तम्भों का योग बराबर क्यों होना चाहिए?

**2.** Enumerate the two ways in which the Capital Accounts of partners can be maintained. 1

उन दो विधियों की गणना कीजिए जिनमें साझेदारों के पूँजी खातों को रखा जा सकता है।

**3.** What is meant by Issued Capital? 1

निर्गमित पूँजी का क्या अर्थ है?

**4.** Differentiate between Book-keeping and Accounting on the following basis : 2

*(a)* Objective

*(b)* Level of knowledge

पुस्तपालन एवं लेखांकन में निम्न के आधार पर अन्तर्भेद कीजिए :

(क) उद्देश्य

(ख) ज्ञान का स्तर

**5.** Explain the term 'Financial Accounting' in brief. 2

'वित्तीय लेखांकन' की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

**6.** Differentiate between Manual Accounting and Computerised Accounting on the following basis : 2

*(a)* Recording

*(b)* Adjusting entries

निम्न के आधार पर मैनुअल लेखांकन एवं कम्प्यूटरीकृत लेखांकन में अन्तर्भेद कीजिए :

(क) अभिलेखन

(ख) समायोजन प्रविष्टियाँ

**7.** You are an Accounts Assistant in a firm. You have been asked to differentiate between Capital Receipts and Revenue Receipts on the basis given below : 2

*(a)* Nature

*(b)* Source

आप एक फर्म में लेखा-सहायक हैं। आपको नीचे दिये गये आधार पर पूँजीगत प्राप्तियों तथा आगम प्राप्तियों में अन्तर्भेद करने के लिए कहा गया है :

(क) प्रकृति

(ख) स्रोत

**8.** Explain briefly the following items of revenue of a not-for-profit organisation : 2

*(a)* Entrance fee

*(b)* Grant-in-aid

अलाभकारी संगठन की निम्न आगम मदों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

(क) प्रवेश शुल्क

(ख) सहायतार्थ दान राशि

**9.** You are the Accountant in a partnership firm of which *A* and *B* are partners. There is no partneship deed. They differ on the following points. How will you deal with their problems? 2

*(i)* *A* wants a salary since he works for the firm, while *B* does not work for the firm

*(ii)* *B* has given a loan of Rs 15,000 to the firm, he wants interest on this amount @ 15%

आप किसी साझेदारी फर्म में, जिसके *A* तथा *B* साझी हैं, लेखाकार हैं। यहाँ कोई साझेदारी संलेख नहीं है। उनमें निम्न बिन्दुओं पर मतभेद है। आप उनकी समस्याओं से कैसे निपटेंगे?

*(i)* *A* चाहता है कि उसे वेतन दिया जाये क्योंकि वह फर्म के लिए कार्य करता है, जबकि *B* फर्म के लिए कार्य नहीं करता है

*(ii)* *B* ने फर्म को 15,000 रु० ऋण दिया है तथा वह इस राशि पर 15% ब्याज लेना चाहता है

**10.** Prepare Accounting Equation from the following transactions : 4

*(i)* *A* started business with cash—Rs 3,00,000

*(ii)* Purchased goods for cash—Rs 50,000

*(iii)* Sold goods (costing Rs 8,000) for Rs 9,000

*(iv)* Paid salaries—Rs 15,000

निम्नलिखित लेनदेनों से लेखांकन समीकरण बनाइए :

*(i)* *A* ने रोकड़ के साथ व्यवसाय प्रारम्भ किया—3,00,000 रु०

*(ii)* नक़द माल क्रय किया—50,000 रु०

*(iii)* 8,000 रु० की लागत का माल बेचा 9,000 रु० में

*(iv)* वेतन का भुगतान किया—15,000 रु०

**11.** State the meaning and any *two* points of significance of 'convention of full disclosure'. 4

'पूर्ण प्रस्तुतिकरण की परिपाटी' का अर्थ तथा कोई **दो** महत्व के बिन्दु बताइए।

**12.** Explain, in brief, any *four* functions of Accounting. 4

लेखांकन के किन्हीं **चार** कार्यों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

**13.** Enter the following transactions in Journal : 4

| | | |
|---|---|---|
| 2008 | | |
| December | 31 | Salaries outstanding—Rs 1,00,000 |
| ” | 31 | Prepaid insurance—Rs 3,000 |
| ” | 31 | Rent receivable outstanding—Rs 1,000 |
| ” | 31 | Rent received in advance—Rs 1,000 |

निम्नलिखित लेनदेनों की रोज़नामचे में प्रविष्टियाँ कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 2008 | | |
| दिसम्बर | 31 | अदत्त वेतन—1,00,000 रु० |
| ” | 31 | पूर्वदत्त बीमा—3,000 रु० |
| ” | 31 | अदत्त प्राप्य किराया—1,000 रु० |
| ” | 31 | पूर्वदत्त किराया—1,000 रु० |

**14.** As an Accountant of a firm, in which column (plus or minus) will you write the following, while preparing Bank Reconciliation Statement from the cash book overdraft balance? 4

*(i)* Cheques issued, but not presented for payment

*(ii)* Interest on bank overdraft

*(iii)* Cheques paid into bank, but not collected

*(iv)* Interest on investment collected by bank

किसी फर्म के लेखाकार के रूप में आप रोकड़ बही के अधिविकर्ष शेष से बैंक समाधान विवरण बनाते समय निम्नलिखित को किस स्तम्भ [जमा (+) अथवा घटा (–)] में लिखेंगे?

*(i)* निर्गमित चेक जो भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं हुए

*(ii)* बैंक अधिविकर्ष पर ब्याज

*(iii)* बैंक में चेक जमा कराये गये, परन्तु संग्रह नहीं हुए

*(iv)* बैंक द्वारा विनियोगों पर संग्रहित ब्याज

**15.** *A*, *B* and *C* are partners with Capitals of Rs 1,00,000; Rs 75,000 and Rs 50,000 respectively. On *C*'s retirement, his share is acquired by *A* and *B* in the ratio of 3 : 2 respectively.

Ascertain new profit-sharing ratio and gaining ratio. 4

*A*, *B* तथा *C* साझी हैं तथा उनकी पूँजी क्रमशः 1,00,000 रु०, 75,000 रु० तथा 50,000 रु० है। *C* के अवकाश ग्रहण करने पर उसका भाग *A* तथा *B* ने 3 : 2 के अनुपात में अर्जन कर लिया।

नया लाभ विभाजन का अनुपात तथा अभिलाभ अनुपात ज्ञात कीजिए।

**16.** What is meant by 'issuing shares at premium'? State the purposes for which the amount of premium can be utilised. 4

'अधिमूल्य पर अंश निर्गमित करना' का क्या अर्थ है? बताइये कि प्रीमियम की राशि का प्रयोग किन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया जा सकता है।

**17.** You are a newly appointed Accounts Assistant in Gurgaon Sports Club and have been asked to calculate the amount of subscription of this club for the year 2008 from the information given below : 4

*(i)* Subscription received during the year 2008—

for 2007—Rs 5,000; for 2008—Rs 30,000 and for 2009—Rs 6,000

*(ii)* Subscription received in advance as at 31st December, 2007—Rs 8,000

*(iii)* Subscription outstanding as at 31st December, 2007—Rs 6,000

*(iv)* Subscription outstanding for the year 2008—Rs 4,000

आप गुड़गाँव स्पोर्ट्स क्लब में नये नियुक्त किये गये लेखा-सहायक हैं तथा आपसे निम्नलिखित दी गयी सूचना के आधार पर वर्ष 2008 के लिए चन्दे की राशि की गणना करने के लिए कहा गया है :

*(i)* वर्ष 2008 में प्राप्त चन्दा राशि—

2007 के लिए 5,000 रु॰; 2008 के लिए 30,000 रु॰ तथा 2009 के लिए 6,000 रु॰

*(ii)* 31 दिसम्बर, 2007 को अग्रिम में प्राप्त चन्दा राशि—8,000 रु॰

*(iii)* 31 दिसम्बर, 2007 को अदत्त चन्दा—6,000 रु॰

*(iv)* वर्ष 2008 का अदत्त चन्दा—4,000 रु॰

**18.** You have recently been appointed as an Assistant Accountant in a company. The Chief Accountant wants you to make Journal Entries in respect of each of the following issues of 1000 Debentures of Rs 100 each : 6

*(i)* Debentures issued at Rs 100, redeemable at Rs 105

*(ii)* Debentures issued at Rs 95, redeemable at Rs 100

*(iii)* Debentures issued at Rs 105, redeemable at Rs 100

*(iv)* Debentures issued at Rs 95, redeemable at Rs 105

आप किसी कम्पनी में नये नियुक्त किये गये सहायक लेखाकार हैं। मुख्य लेखाकार चाहता है कि आप 100 रु॰ वाले 1000 ऋणपत्रों के निर्गमन की प्रत्येक निम्नलिखित स्थिति में रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* ऋणपत्र 100 रु॰ पर निर्गमन, 105 रु॰ पर शोधन

*(ii)* ऋणपत्र 95 रु॰ पर निर्गमन, 100 रु॰ पर शोधन

*(iii)* ऋणपत्र 105 रु॰ पर निर्गमन, 100 रु॰ पर शोधन

*(iv)* ऋणपत्र 95 रु॰ पर निर्गमन, 105 रु॰ पर शोधन

**19.** A company forfeits 200 shares of Rs 20 each, originally issued at a premium of Rs 4 per share. The shareholder paid Rs 8 per share on application but did not pay the allotment money of Rs 8 per share (including premium) and call of Rs 8 per share.

Pass the necessary Journal Entries if the forfeited shares are reissued at—

*(i)* Rs 20 per share;

*(ii)* Rs 22 per share. 6

एक कम्पनी ने 20 रु० मूल्य वाले 200 अंशों को जब्त कर लिया जो मूल रूप से 4 रु० प्रति अंश अधिमूल्य (प्रीमियम) पर निर्गमित किए गए थे। अंशधारी ने 8 रु० प्रति अंश के रूप में आवेदन राशि का भुगतान कर दिया था, परन्तु 8 रु० प्रति अंश के रूप में आबंटन राशि (अधिमूल्य सहित) तथा 8 रु० प्रति अंश के रूप में याचना राशि का भुगतान नहीं किया था।

आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए यदि जब्त किए गए अंशों को—

*(i)* 20 रु० प्रति अंश पर;

*(ii)* 22 रु० प्रति अंश पर

पुनःनिर्गमित किया गया हो।

**20.** Pass necessary Journal Entries to rectify the following errors : 6

*(i)* Sale of an Old Machine for Rs 6,000 was posted to Sales Account

*(ii)* Purchases Book is undercast by Rs 10,000

*(iii)* Rs 2,000 withdrawn for domestic use by the proprietor has been debited to General Expenses Account

*(iv)* Sales Book is overcast by Rs 1,000

निम्न अशुद्धियों का शोधन करने के लिए रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

*(i)* 6,000 रु० में एक पुरानी मशीन का विक्रय किया गया तथा विक्रय खाते में खतौनी की गई

*(ii)* क्रय बही को 10,000 रु० से कम जोड़ा गया

*(iii)* व्यवसाय के स्वामी ने 2,000 रु० घर व्यय के लिए निकाले, जिन्हें सामान्य व्यय खाते के नाम में लिख दिया गया

*(iv)* विक्रय बही का योग 1,000 रु० से अधिक लगाया गया

**21.** From the information given below, prepare Trading and Profit & Loss A/c for the year ended 30th June, 2008 and a Balance Sheet as on that date : 10

| | *Dr. Balances* Rs | *Cr. Balances* Rs |
|---|---|---|
| Opening Stock | 40,000 | — |
| Purchases and Sales | 1,80,000 | 3,20,000 |
| Sales Returns | 5,500 | — |
| Wages | 22,000 | — |
| Carriage | 5,400 | — |
| Bad Debts | 600 | — |
| Bad Debts Reserve | — | 1,000 |
| Debtors and Creditors | 50,300 | 15,800 |
| Office Furniture | 15,300 | — |
| Plant and Machinery | 78,000 | — |
| Advertisement | 10,600 | — |
| Commission | — | 800 |
| Capital | — | 1,20,000 |
| Drawings | 15,000 | — |
| Investments | 16,100 | — |
| Cash | 16,000 | — |
| Rent and Insurance | 2,800 | — |
| | 4,57,600 | 4,57,600 |

*Adjustments* :

*(i)* Stock on 30th June, 2008 was Rs 32,000

*(ii)* Rent outstanding amounted to Rs 500 and insurance unexpired amounted to Rs 300

*(iii)* Commission amounting to Rs 120 has been received in advance

*(iv)* Write off Rs 300 as Bad Debts and provide a Reserve for Doubtful Debts at 2·5% on Debtors

*(v)* Depreciate Plant and Machinery by 5%

**OR**

The following particulars relate to Krishnanagar Club for the year ended on 31st December, 2008 :

*Receipts & Payments A/c*
*for the year ended 31st December, 2008*

| *Receipts* | | *Amount* Rs | *Payments* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|---|
| To Balance b/d | | 600 | By Salaries | 1,245 |
| " Subscriptions : | | | " Stationery | 240 |
| 2007 | 24 | | " Rates and Taxes | 360 |
| 2008 | 1,266 | | " Telephone Expenses | 60 |
| 2009 | 48 | 1,338 | " Investments | 750 |
| " Profit from Canteen | | 900 | " Advertisement | 105 |
| " Miscellaneous Receipts | | 45 | " Postages | 100 |
| " Sale of Old Newspapers | | 112 | " Sundry Expenses | 350 |
| " Dividends | | 485 | " Balance c/d | 270 |
| | | 3,480 | | 3,480 |

You are required to prepare an Income & Expenditure A/c and a Balance Sheet after making the following adjustments :

*(i)* There are 450 members each paying an annual subscription of Rs 3, Rs 27 being in arrears for 2007 at the beginning of this year

*(ii)* Stock of Stationery on 31st December, 2007 was Rs 30 and on 31st December, 2008 was Rs 54

*(iii)* Cost of Building is Rs 6,000; Depreciate it at 3%

निम्न सूचना से 30 जून, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष का व्यापारिक एवं लाभ-हानि खाता तथा उसी दिन का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए :

| | *नाम शेष* रु० | *जमा शेष* रु० |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक रहतिया | 40,000 | — |
| क्रय एवं विक्रय | 1,80,000 | 3,20,000 |
| विक्रय वापसी | 5,500 | — |
| मज़दूरी | 22,000 | — |
| भाड़ा | 5,400 | — |
| डूबत ऋण | 600 | — |
| डूबत ऋण संचय | — | 1,000 |
| देनदार एवं लेनदार | 50,300 | 15,800 |
| कार्यालय फर्नीचर | 15,300 | — |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 78,000 | — |
| विज्ञापन | 10,600 | — |
| कमीशन | — | 800 |
| पूँजी | — | 1,20,000 |
| आहरण | 15,000 | — |
| विनियोग | 16,100 | — |
| रोकड़ | 16,000 | — |
| किराया एवं बीमा | 2,800 | — |
| | 4,57,600 | 4,57,600 |

*समायोजनाएँ :*

*(i)* 30 जून, 2008 को रहतिये का मूल्य 32,000 रु० था

*(ii)* अदत्त किराया 500 रु० तथा पूर्वदत्त बीमा 300 रु०

*(iii)* 120 रु० का कमीशन अग्रिम में प्राप्त किया गया

*(iv)* 300 रु० डूबत ऋण के अपलिखित कीजिए तथा देनदारों पर 2·5% संदिग्ध ऋण प्रावधान (संचय) करना है

*(v)* संयंत्र एवं मशीनरी पर 5% ह्रास लगाना है

**अथवा**

31 दिसम्बर, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए कृष्णनगर क्लब के विवरण निम्नानुसार हैं :

*प्राप्ति एवं भुगतान खाता*
*31 दिसम्बर, 2008 को*

| *प्राप्तियाँ* | | *राशि* रु० | *भुगतान* | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|---|
| शेष | | 600 | वेतन | 1,245 |
| चन्दा | | | लेखन सामग्री (स्टेशनरी) | 240 |
| 2007 | 24 | | पौर-कर (रेट्स) एवं कर | 360 |
| 2008 | 1,266 | | दूरभाष व्यय | 60 |
| 2009 | 48 | 1,338 | विनियोग | 750 |
| भोजनालय से लाभ | | 900 | विज्ञापन | 105 |
| विविध प्राप्तियाँ | | 45 | डाक व्यय | 100 |
| पुराने अखबार की बिक्री | | 112 | विभिन्न व्यय | 350 |
| लाभांश | | 485 | शेष | 270 |
| | | 3,480 | | 3,480 |

आप निम्न समायोजनाएँ करने के पश्चात् आय तथा व्यय खाता तथा स्थिति-विवरण तैयार कीजिए :

*(i)* सदस्यों की संख्या 450 है तथा प्रत्येक का सदस्यता शुल्क 3 रु० वार्षिक है। इस वर्ष के प्रारम्भ में 2007 के 27 रु० बकाया हैं

*(ii)* लेखन सामग्री का रहतिया 31 दिसम्बर, 2007 को 30 रु० तथा 31 दिसम्बर, 2008 को 54 रु० था

*(iii)* भवन की लागत 6,000 रु० है; इस पर 5% ह्रास लगाइए

**22.** The following was the Balance Sheet of *A* and *B* who were sharing profits in the ratio of 2 : 1 on 31st December, 2008 :

*Balance Sheet*
*as at 31st December, 2008*

| *Liabilities* | | *Amount* Rs | *Assets* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 65,900 | Cash | 1,200 |
| Capitals : | | | Sundry Debtors | 9,700 |
| *A* | 30,000 | | Stock | 20,000 |
| *B* | 20,000 | 50,000 | Plant & Machinery | 35,000 |
| | | | Building | 50,000 |
| | | 1,15,900 | | 1,15,900 |

They agreed to admit *C* into partnership on the following terms :

*(i)* *C* was to be the given $\frac{1}{3}$rd share in profits and was to bring Rs 15,000 as Capital and Rs 6,000 as Share of Goodwill

*(ii)* The value of Stock and Plant & Machinery were to be reduced by 10%

*(iii)* A provision of 5% was to be created for Doubtful Debts

*(iv)* The Building was to be appreciated by 20%

*(v)* Investments worth Rs 1,400 (not mentioned in the Balance Sheet) were to be taken into account

*(vi)* The amount of Goodwill was to be withdrawn by the old partners

You are required to prepare the Revaluation A/c, Capital A/cs and the Opening Balance Sheet of the new firm. 10

**OR**

*A* and *B* are partners sharing profits and losses equally. Their Balance Sheet as on 31st December, 2008 is as follows :

*Balance Sheet*
*as at 31st December, 2008*

| *Liabilities* | | *Amount* Rs | *Assets* | *Amount* Rs |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 25,000 | Cash at Bank | 2,000 |
| Mrs. *A*'s Loan | | 5,000 | Debtors | 18,000 |
| Capitals : | | | Stock | 25,200 |
| *A* | 60,000 | | Loose Tools | 8,000 |
| *B* | 40,000 | 1,00,000 | Plant | 60,000 |
| | | | Goodwill | 6,000 |
| | | | Profit & Loss A/c | 10,800 |
| | | 1,30,000 | | 1,30,000 |

They decided to dissolve the firm. Following was the position :

*(i)* Assets were realised as :

Stock—Rs 22,000; Debtors at a discount of 10%; Loose tools at Rs 7,000 and Plant at Rs 65,000

*(ii)* There was a contingent liability for Rs 2,000 for bill discounted. The bill was received from *R* who became insolvent and 60% was recovered from his estate

*(iii)* There was an old typewriter in the firm which had to be written off completely from the books. It is now taken over by *B* at Rs 1,200

*(iv)* *A* agreed to discharge his wife's loan

*(v)* Creditors were paid Rs 22,500 in full settlement

*(vi)* Expenses of realisation amounted to Rs 900

Prepare necessary Accounts (Realisation A/c, Capital A/cs and Bank A/c) to close the books of the firm.

*A* तथा *B* का स्थिति-विवरण, जो 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे, 31 दिसम्बर, 2008 को निम्न प्रकार था :

*स्थिति-विवरण*
*31 दिसम्बर, 2008 को*

| देयताएँ | | राशि रु० | परिसम्पत्तियाँ | राशि रु० |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 65,900 | रोकड़ | 1,200 |
| पूँजी : | | | विविध देनदार | 9,700 |
| *A* | 30,000 | | रहतिया | 20,000 |
| *B* | 20,000 | 50,000 | संयंत्र एवं मशीनरी | 35,000 |
| | | | भवन | 50,000 |
| | | 1,15,900 | | 1,15,900 |

निम्न शर्तों पर उन्होंने *C* को साझेदार बनाने का निर्णय लिया :

*(i)* *C* को लाभ का $\frac{1}{3}$ भाग मिलेगा तथा उसे 15,000 रु० पूँजी तथा 6,000 रु० ख्याति के लाने होंगे

*(ii)* रहतिये, संयंत्र एवं मशीनरी का मूल्य 10% कम किया जायेगा

*(iii)* संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जायेगा

*(iv)* भवन का 20% अधिक मूल्यांकन होगा

*(v)* 1,400 रु० विनियोग खाते में लेने हैं (जो स्थिति-विवरण में नहीं दिखाये गये हैं)

*(vi)* ख्याति की राशि पुराने साझेदारों द्वारा निकाल ली जायेगी

आपको पुनर्मूल्यांकन खाता, पूँजी खाते तथा नई फर्म का आरम्भ का स्थिति-विवरण तैयार करना है।

**अथवा**

*A* तथा *B* साझेदार हैं, जो लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटते हैं। 31 दिसम्बर, 2008 को उनका स्थिति-विवरण निम्न प्रकार है :

*स्थिति-विवरण*
*31 दिसम्बर, 2008 को*

| *देयताएँ* | | *राशि* रु० | *परिसम्पत्तियाँ* | *राशि* रु० |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 25,000 | बैंक में रोकड़ | 2,000 |
| श्रीमति *A* का ऋण | | 5,000 | देनदार | 18,000 |
| पूँजी : | | | रहतिया | 25,200 |
| *A* | 60,000 | | खुले औज़ार | 8,000 |
| *B* | 40,000 | 1,00,000 | संयंत्र | 60,000 |
| | | | ख्याति | 6,000 |
| | | | लाभ-हानि खाता | 10,800 |
| | | 1,30,000 | | 1,30,000 |

उन्होंने अपनी फर्म के समापन का निश्चय किया। निम्नलिखित स्थिति थी :

*(i)* परिसम्पत्तियों की वसूली इस प्रकार की गयी :

रहतिया 22,000 रु०; देनदार 10% की छूट कम करके; खुले औज़ार 7,000 रु० तथा संयंत्र 65,000 रु०

*(ii)* बट्टाकृत बिल के लिए 2,000 रु० के सम्भावित दायित्व थे। बिल *R* से प्राप्त किया था, जो दिवालिया हो गया तथा उसकी सम्पत्ति से 60% प्राप्त हुए

*(iii)* फर्म में एक पुराना टाइपराइटर था जो पुस्तकों से पुर्णतया अपलिखित किया जा चुका था। अब उसे *B* ने 1,200 रु० में ले लिया

*(iv)* *A* अपनी पत्नी के ऋण का भुगतान करने के लिए सहमत हो गया

*(v)* लेनदारों को सम्पूर्ण भुगतान में 22,500 रु० दे दिये गये

*(vi)* वसूली व्यय 900 रु० हुए

फर्म की पुस्तकें बन्द करने के लिए आवश्यक खाते (वसूली खाता, पूँजी खाते तथा बैंक खाता) बनाइए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

### OPTION–I

### विकल्प–I

### ( Analysis of Financial Statements )

### ( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण )

**23.** Why are Trade Unions interested in the analysis of financial statements? 1

श्रमिक संघ वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में रुचि क्यों रखती है?

**24.** Give the formula of calculating the following ratios : 2

*(a)* Current Ratio

*(b)* Proprietory Ratio

निम्नलिखित अनुपातों की गणना के सूत्र दीजिए :

(क) चालू अनुपात

(ख) स्वामित्व अनुपात

**25.** State any *two* aspects which the interpreter is expected to study while interpreting Comparative Balance Sheets. 2

किन्हीं ऐसे **दो** पहलुओं को बताइए जिनका अध्ययन व्याख्याकर्ता द्वारा तुलनात्मक स्थिति-विवरणों की व्याख्या करते समय करना अपेक्षित है।

**26.** From the information given below, calculate Opening Stock and Closing Stock :

Sales during the year = Rs 4,00,000

Gross Profit on Sales = 40%

Stock Turnover Ratio = 4 times

If Closing Stock is Rs 20,000 more than the Opening Stock, what will be the amount of the Opening Stock and Closing Stock? 4

नीचे दी गई सूचना से प्रारम्भिक रहतिया एवं अन्तिम रहतिया की गणना कीजिए :

वर्ष में बिक्री = 4,00,000 रु०

बिक्री पर सकल लाभ = 40%

रहतिया आवर्त अनुपात = 4 गुना

यदि अन्तिम रहतिया प्रारम्भिक रहतिया से 20,000 रु० अधिक है, तो प्रारम्भिक रहतिया एवं अन्तिम रहतिया कितना होगा?

**27.** From the information given below, prepare Cash Flow Statement in respect of Shriyans Ltd. : 6

*Balance Sheets of Shriyans Ltd.*
*as on 31st March, 2007 and 2008*

| *Liabilities* | *2007* Rs | *2008* Rs | *Assets* | *2007* Rs | *2008* Rs |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capital | 80,000 | 85,000 | Land & Building | 50,000 | 50,000 |
| Accumulated Profits | 14,500 | 24,500 | Plant & Machinery | 24,000 | 34,000 |
| | | | Stock | 9,000 | 7,000 |
| Mortgage Loan | — | 5,000 | Debtors | 16,500 | 19,500 |
| Creditors | 9,000 | 5,000 | Cash | 4,000 | 9,000 |
| | 1,03,500 | 1,19,500 | | 1,03,500 | 1,19,500 |

नीचे दी गयी सूचना से श्रीयन्स लि० का रोकड़ प्रवाह-विवरण तैयार कीजिए :

*श्रीयन्स लि० का स्थिति-विवरण*
*31 मार्च, 2007 एवं 2008 को*

| *देयताएँ* | *2007* रु० | *2008* रु० | *परिसम्पत्तियाँ* | *2007* रु० | *2008* रु० |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 80,000 | 85,000 | भूमि एवं भवन | 50,000 | 50,000 |
| संचित लाभ | 14,500 | 24,500 | संयंत्र एवं मशीनरी | 24,000 | 34,000 |
| बंधक ऋण | — | 5,000 | रहतिया | 9,000 | 7,000 |
| लेनदार | 9,000 | 5,000 | देनदार | 16,500 | 19,500 |
| | | | रोकड़ | 4,000 | 9,000 |
| | 1,03,500 | 1,19,500 | | 1,03,500 | 1,19,500 |

OPTION–II

विकल्प–II

## ( Elementary Cost Accounting )

## ( प्रारम्भिक लागत लेखांकन )

**23.** Differentiate between Cost Accounting and Financial Accounting on the basis of 'Objective'. 1

लागत लेखांकन एवं वित्तीय लेखांकन में 'उद्देश्य' के आधार पर अन्तर्भेद कीजिए।

**24.** Explain, in brief, the meaning of 'Fixed Cost'. 2

'स्थायी लागत' के अर्थ की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

**25.** Calculate Prime Cost from the information given below : 2

| | Rs |
|---|---|
| Cost of materials purchased | 60,000 |
| Opening Stock of material | 12,000 |
| Closing Stock of material | 8,000 |
| Wages paid | 6,000 |
| Rent of hire of a special machine for production | 10,000 |

नीचे दी गयी सूचना से मूल लागत की गणना कीजिए :

| | रु० |
|---|---|
| क्रय की गई सामग्री की लागत | 60,000 |
| सामग्री का प्रारम्भिक रहतिया | 12,000 |
| सामग्री का अन्तिम रहतिया | 8,000 |
| मज़दूरी का भुगतान | 6,000 |
| उत्पादन के लिए किराये पर ली गई विशेष मशीन का किराया | 10,000 |

**26.** A machine manufacturer purchases 1800 units of a certain component for his annual usage. The order placing cost is Rs 100 and cost of carrying one unit for a year is Rs 4.

Calculate the Economic Order Quantity. 4

एक मशीन निर्माता अपने वर्ष के उपयोग के लिए कुछ अवयवों की 1800 इकाइयाँ क्रय करता है। आदेश देने की लागत 100 रु० तथा एक इकाई को एक वर्ष रखने की लागत 4 रु० है।

मितव्ययी आदेश मात्रा की गणना कीजिए।

**27.** A firm maintains its stores ledger on First-in-First-out (FIFO) method basis. Following is the summary of the receipts and issues of raw materials during the month of December 2008. Record these transactions in the stores ledger : 6

*Receipts* :

| 2008 | | |
|---|---|---|
| December | 1 | Balance—200 units @ Rs 18 per unit |
| " | 3 | Purchase Order No. 11—300 units @ Rs 20 per unit |
| " | 11 | Purchase Order No. 15—400 units @ Rs 22 per unit |
| " | 19 | Purchase Order No. 21—600 units @ Rs 20 per unit |

*Issues* :

| 2008 | | |
|---|---|---|
| December | 7 | Materials Requisition No. 14—250 units |
| " | 16 | Material Requisition No. 16—550 units |

एक फर्म अपनी स्टोर खाता बही पहले-प्रवेश-पहले-निकासी (FIFO) पद्धति के आधार पर बनाती है। दिसम्बर 2008 माह में निम्न सामग्री की प्राप्ति एवं निर्गमन किया गया। इन लेनदेनों का स्टोर खाता बही में अभिलेखन कीजिए :

*प्राप्तियाँ* :

| 2008 | | |
|---|---|---|
| दिसम्बर | 1 | शेष—200 इकाइयाँ 18 रु० प्रति इकाई की दर से |
| " | 3 | क्रय आदेश नं० 11—300 इकाइयाँ 20 रु० प्रति इकाई की दर से |
| " | 11 | क्रय आदेश नं० 15—400 इकाइयाँ 22 रु० प्रति इकाई की दर से |
| " | 19 | क्रय आदेश नं० 21—600 इकाइयाँ 20 रु० प्रति इकाई की दर से |

*निर्गमन* :

| 2008 | | |
|---|---|---|
| दिसम्बर | 7 | सामग्री अधिग्रहण नं० 14—250 इकाइयाँ |
| " | 16 | सामग्री अधिग्रहण नं० 16—550 इकाइयाँ |

★ ★ ★